हैदराबाद विश्वविद्यालय

पत्र सं. UH/Reg/2021 दि. 03.07.2021

परिसर जैवविविधता के संरक्षण पर छात्रों को सलाह

यह 18.06.2021 को जारी परिपत्र के संदर्भ में है, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर में कहीं भी कतिपय गतिविधियों पर निषेध लगाया गया है, जैसे - धूम्रपान करना, कागज़ जलाना, किसी भी प्रकार की आतिशबाजी करना (कैंपफायर, बॉनफायर), पुतले जलाना, मशालों के साथ जुलूस निकालना, कूड़ा जलाना आदि क्योंकि ये परिसर की जैव विविधता के लिए खतरा हैं. आप सब यह जानते हैं कि कई लुप्तप्राय प्रजातियों को शांतिपूर्ण वन्यजीव संरक्षण की आवश्यकता है.

तेलंगाना वन विभाग ने भी विश्वविद्यालय को समय समय पर चेतावनी दी है कि परिसर के वन्यजीव अभयारण्य को बचाने के सभी आवश्यक कदम उठाए जाएँ. इसलिए छात्रों को सावधान किया जाता है कि ऐसी गतिविधियों से बचें जिन पर परिसर के अंदर और आसपास निषेध लगा हो. साथ ही, छात्रों को यह सलाह दी जाती है कि चाहे कोई भी कारण क्यों न हो, परिसर के जंगल-क्षेत्र में प्रवेश न करें, यह न केवल उनके हित में होगा बल्कि परिसर की जैव विविधता के पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण एवं विविध वन्यजीव प्रजातियों के हित में भी होगा.

उपरोक्त मानदंडों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित व्यक्ति/समुदाय के विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई ली जाएगी.

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन दिनांक 03.07.2021 द्वारा जारी.

ह/-
(पी. सरदार सिंह)
कुलसचिव

सेवा में,
छात्र समुदाय

प्रतिलिपि -
कुलपति के विशेष कार्य अधिकारी/संकायाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष/डीन-छात्र कल्याण/मुख्य वॉर्डन/ निजी सचिव - कुलसचिव/वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/उप कुलसचिव (सुरक्षा)/मुख्य सुरक्षा अधिकारी